रिवीजन टेस्ट पेपर – 2020–21

कक्षा–12वीं

विषय – भूगोल

पूर्णांक – 70 अंक

निर्देश :–

i. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

ii. प्रश्न क्रमांक 01 से 04 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। प्रत्येक के लिए 1X5=5 अंक निर्धारित है। कुल अंक 5x4=20

iii. प्रत्येक प्रश्न क्रमांक 5 से 22 तक में आंतरिक विकल्प दिए गए है।

iv. प्रश्न क्रमांक 5 से 14 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 30 शब्द है।

v. क्रमांक 15 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 75 शब्द है।

vi. प्रश्न क्रमांक 20 से 22 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक है। शब्द सीमा 150 शब्द है।

प्र. 1. सही विकल्प चुनिये – 1X5=5

(1) निम्न में से कौन सा एक भौगोलिक सूचना का स्त्रोत नहीं हैं?

(क) यात्रियों के विवरण (ख) प्राचीन मानचित्र

(ग) चंद्रमा से चट्टानी पदार्थों के नमूने (घ) प्राचीन महाकाव्य

(2) निम्न में से किस महाद्वीप में जनसंख्या वृद्धि सर्वाधिक है?

(क) अफ्रीका (ख) एशिया

(ग) दक्षिणी अमेरिका (घ) उत्तरी अमेरिका

(3) निम्नलिखित में से किस राज्य में जनसंख्या का घनत्व सर्वाधिक है?

(क) पश्चिम बंगाल (ख) उत्तर प्रदेश

(ग) केरल (घ) पंजाब

(4) मानव विकास सूचकांक में भारत में से किस राज्य में स्त्री साक्षरता निम्नतम है?

(क) जम्मू कश्मीर (ख) झारखंड

(ग) अरूणाचल प्रदेश (घ) बिहार

(5) निम्नलिखित में से जल किस प्रकार का संसाधन है।

(क) अजैव संसाधन (ख) जैव संसाधन

(ग) अनवीकरणीय संसाधन (घ) चक्रीय संसाधन

प्र. 2. रिक्त स्थान भरिये– 1X5=5

(1) बेंदा....................... के अबझमाड़ क्षेत्र के जंगलों मे रहता था। (मध्य भारत/)

(2) जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि–जन्म.................. है। (मृत्यु/कुल जनसंख्या)

(3) 'मानव विकास प्रतिवेदन' निकालने का कार्य.................. ने किया। (अयव्य सेन/डॉ. महबूब–उल–हल)

(4) फूलों की कृषि .... कहलाती है। (ट्रक पार्किंग/कारखाना कृषि)

(5) डिगबोई................. नगर है। (परिवहन नगर/खनन नगर)

प्र.3. सही जोड़ी बनाइये :– 1X5=5

	(अ)		(ब)
(1)	मानव समाज एवं प्रकृति की अंन्योन्य क्रिया	(a)	स्थिर जनसंख्या
(2)	वह स्थान जहाँ लोग गमन करते है	(b)	नार्वे
(3)	जन्म दर और मृत्युदर समान होना	(c)	पर्यावरणीय
(4)	सवोच्च 'उच्च मूल्य' सूचकांक में प्रथम स्थान	(d)	गन्तव्य स्थान
(5)	कार्यशील जनसंख्या	(e)	15–59 आयु वर्ग

for solutions visit https://www.mpboardonline.com/answer/ this is not official website

प्र.4. एक शब्द या वाक्य में उत्तर लिखिए। 1X5=5

1. रूको और जाओ निश्चयवाद की संकल्पना किसने प्रस्तुत की थी?
2. विश्व की प्रतिवर्ष जनसंख्या में कितनी वृद्धि हो रही है?
3. अप्रवास किसे कहते हैं?
4. अंतर्राष्ट्रीय प्रवास किसे कहते है?
5. गुच्छित बस्तियाँ मुख्य रूप से कहाँ पाई जाती है?

प्र.5. मानव भूगोल की एक परिभाषा लिखिए। 2

प्र.6. आमूलवादी (रेडिफल) विचाधारा क्या थी? 2

अथवा

व्यवहारवादी विचारधारा को समझाइए।

प्र.7 प्रवास के किन्हीं दो प्रतिकर्ष कारकों को लिखिए। 2

अथवा

प्रवास के किन्हीं दो अपकर्ष कारकों को लिखिए।

प्र.8. जनसंख्या संघटन से आप क्या समझते है? 2

अथवा

लिंग अनुपात कैसे नापा जाता है?

प्र.9. मानव विकास के उपागम कौन से है? 2

अथवा

मानव विकास का क्या अभिप्राय है?

प्र.10. भारत के अत्यंत शुष्क एंव उष्ण प्रदेशों में जनसंख्या निम्न क्यों है? 2

अथवा

भारत के किन राज्यों मे विशाल ग्रामीण जनसंख्या है?

प्र.11. ग्रामीण से नगरीय क्षेत्रों में पुरूष प्रवास अधिक क्यों होता है? 2

अथवा

ग्रामीण से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवास करने वाली स्त्रियों की संख्या अधिक क्यों है?

प्र.12. भारत में बच्चों में घटते लिंगानुपात के दो कारण लिखिए? 2

अथवा

उत्तर भारत के राज्यों में मानव विकास के निम्न स्तरों के दो कारण बताइए।

प्र.13. गैरिसन नगर क्या होते है? 2

अथवा

महानगर क्या होते है?

प्र.14. भारत के किन्हीं दो पर्यटन नगरों के नाम लिखिए। 2

अथवा

प्र.15. मानव भूगोल के तीन उपक्षेत्रों के नाम लिखिए। 3

अथवा

प्रकृति के मानवीयकरण को समझाइए।

प्र.16. जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले तीन कारकों को वर्णन करिए। 3

अथवा

जनसंख्या परिवर्तन के तीन घटक कौन से है?

प्र.17. विश्व में आयु संरचना का क्या महत्व है? 3

अथवा

भारत में मानव विकास के तीन मूलभूत सिद्धांत कौन से है?

for solutions visit https://www.mpboardonline.com/answer/ this is not official website

प्र.18. खनन को प्रभावित करने वाले कारक कौन–कौन से है? 3

अथवा

चलवासी पशुचारण किसे कहते है?

प्र.19. लोगों पर संदूषित जल/गंदे पानी 3 के उपभोग से क्या प्रभाव पड़ते है.? 3

अथवा

पंजाब, हरियाणा और तमिलनाडू राज्यों में सबसे अधिक भौम जल विकास के लिए कौन से कारक उत्तरदायी है?

प्र.20. जल संवार प्रबंधन क्या है? सतत पोषणीय विकास में इसका क्या महत्व है? 5

अथवा

जल संसाधनों का ह्यस सामाजिक द्वद्वों और विवादों को जन्म देता है उदाहरण सहित समझाइए।

प्र.21. भारत के मानचित्र में दर्शाइए– 5

1. दिल्ली 2. ब्रह्मपुत्र नदी 3. सर्वाधिक साक्षरता वाला राज्य

4. लक्ष्य द्वीप 5. शिमला

अथवा

1. मुबंई 2. गंगा नदी 3. न्यून साक्षरता वाला राज्य

प्र.22. विश्व के मानचित्र में दर्शाइए? 5

1. आटाकामा मरूस्थल

2. जापान द्वीप

3. सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले क्षेत्र

4. भूमध्य रेखा

5. कैलीफोर्निया

अथवा

1. सहारा मरूस्थल
2. तस्मानिया द्वीप
3. अमेजन वेसिन
4. नार्वे
5. कर्क रेखा

for solutions visit https://www.mpboardonline.com/answer/ this is not official website